
सुप्रभात khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantralive.com
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
रांची, गुरुवार 15.08.2024 सावन, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 37
नगर संस्करण । पेज : 20






खबर मंत्र परिवार की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं









झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
समस्त प्रदेश एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मैं स्वतंत्र हूँ, पढ़ाई के छोटे-मोटे खर्चों से, मुझे मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ
मैं स्वतंत्र हूँ, विदेश में उच्च शिक्षा के लिए, मुझे मिला मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का लाभ
मैं स्वतंत्र हूँ, रोजमर्रा की आर्थिक परेशानी से, मेरा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में हुआ निबंधन
मैं स्वतंत्र हूँ, पलाश ब्रांड ने मुझे दिया आर्थिक स्वावलंबन
मैं स्वतंत्र हूँ, उच्च/तकनीकी शिक्षा के लिए, मुझे मिला गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ
मैं स्वतंत्र हूँ, कृषि ऋण की चिंता से, मुझे मिला झारखण्ड कृषि ऋण माफ़ी योजना का लाभ
मैं स्वतंत्र हूँ, बुढ़ापे की आर्थिक समस्या से, मुझे मिला सर्वजन पेंशन योजना का लाभ
मैं स्वतंत्र हूँ, बीमारी में खर्च की चिंता से, सरकार दे रही है अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ
आइये हमसब मिलकर झारखण्ड के वीर सपूतों और वीरांगनाओं के सोना झारखण्ड के सपनों को साकार करने में अपना योगदान दें।
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
PRNO 332867 (IPRD) 24-25
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

सुप्रभात khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
khabarmantralive.com
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
रांची, गुरुवार 15.08.2024 सावन, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 37 नगर संस्करण । पेज : 20






# झारखंड का बकाया ₹1.36 करोड़ जल्द लौटाये केंद्र

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया आदेश, सीएम हेमंत ने जतायी खुशी

एजेंसी

**नयी दिल्ली/रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के पास झारखंड सरकार के बकाये 1 लाख 36 करोड़ रुपए का भुगतान करने का आदेश जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केंद्र सरकार राज्य के बकाये भगुतान को जल्द से जल्द लौटाये। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर सीएम हेमंत सोरेन ने खुशी जतायी है। सीएम हेमंत ने सोशल मीडिया पर लिखा- बड़ी जीत! माननीय सुप्रीम कोर्ट का आभार। सुप्रीम कोर्ट के बुधवार के ऐतिहासिक फैसले से हमारी मांग सफल हुई है। अब केंद्र सरकार से झारखंड को अपने बकाया का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया मिल सकेगा।

सीएम हेमंत ने लिखा कि हर झारखंडी के इस बकाये/अधिकार को लेकर आपकी अन्य सरकार लगातार आवाज बुलंद कर रही थी। अब हमें 2005 से खनिज रॉयल्टी का बकाया मिलेगा। 12 साल में चरणबद्ध तरीके से यह भुगतान होगा। सीएम हेमंत ने कहा कि राज्यवासियों के हक सुरक्षित होने के साथ इन पैसों का उपयोग जन-कल्याण में होगा और हर झारखंडवासी को इसका पूरा लाभ मिलेगा।



### खनिज समृद्ध राज्यों को बड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को खनिज समृद्ध राज्यों के लिए वित्तीय राहत वाला फैसला सुनाते हुए उन्हें अपनी खनिज युक्त भूमि पर केंद्र सरकार और पट्टा धारकों से एक अप्रैल 2005 से बकाया रॉयल्टी और कर वसूलने की बुधवार को अनुमति दे दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की संविधान पीठ ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया।

# गढ़वा एसपी समेत आठ को वीरता पदक

### पहली बार फायर सर्विस को भी गैलेंट्री मेडल





खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुलिस पदकों की घोषणा कर दी है। झारखंड पुलिस के 08 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक, वहीं 11 पुलिसकर्मियों को पुलिस सराहनीय सेवा पदक से नवाजा गया है। गढ़वा एसपी दीपक पांडेय को वीरता पदक से नवाजा गया है। पहली बार झारखंड के फायरिंग सर्विस को भी गैलेंट्री मिला है।

**7 को वीरता पदक :** दीपक पांडे एसपी, गढ़वा, विश्वजीत कुमार सिंह सब इंस्पेक्टर, उमेश सिंह-हवलदार, सुभाष दास-कांस्टेबल, रवींद्र टोप्पो कांस्टेबल, गोपाल गंझू कांस्टेबल, सच्चिदानंद सिंह एएसआई।

#### फायर सर्विस को पहली बार वीरता पदक

झारखंड की फायर सर्विस में पहली बार किसी फायरमैन को वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। झारखंड अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्यारेलाल तांबवार को गैलैंट्री मेडल से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान कोलतार भंडारण सहित कई जगहों पर लगी आग बुझाकर लोगों की जान बचाने के लिए मिलेगा।

### सात पुलिसकर्मियों को वीरता और 11 को सराहनीय सेवा पदक

#### पुलिस सराहनीय सेवा पदक

रणधीर कुमार सिंह कांस्टेबल, विमल कुमार छेत्री कांस्टेबल, सलोमी मिंज हेड कांस्टेबल, संजय उरांव हेड कांस्टेबल, हेमा रानी कुल्लू कांस्टेबल, रेखा कुमारी कांस्टेबल, संजीव कुमार गुप्ता कांस्टेबल, ऋतुराज हेड कांस्टेबल, राजेंद्र राम हेड कांस्टेबल, अरुण उरांव हेड कांस्टेबल, संजय कुमार हेड कांस्टेबल। इसी साल गणतंत्र दिवस के मौके पर झारखंड पुलिस के 23 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया गया था।

### सूचना और शुभकामना

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तमाम पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं, एजेंट व हॉकर बंधुओं को खबर मन्त्र परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर खबर मन्त्र कार्यालय और प्रेस बंद रहेगा। अखबार का अगला अंक पाठकों को एक दिन बाद 17 अगस्त को मिलेगा। – प्रबंधन

### स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत'

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और फिर राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस साल स्वतंत्रता दिवस की थीम है 'विकसित भारत'। इस वर्ष युवा, छात्र, आदिवासी, किसान, महिलाएं, ओलंपिक खिलाड़ी, नर्स मिडवाइफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत करीब 6,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

## जश्न-ए-आजादी पर हेमंत सरकार की सौगात

# अब 200 यूनिट तक फ्री मिलेगी बिजली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को हेमंत सरकार बड़ा तोहफा देने जा रही है। राज्य के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 15 अगस्त से 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने लगेगी। सीएम हेमंत सोरेन ने 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों को मुफ्त में बिजली देने का फैसला किया है। हेमंत सरकार द्वारा पिछले दिनों लिये गये निर्णय के बाद जेयूवीएनएल ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। साथ ही जल्द ही सभी उपभोक्ताओं को बिजली बिल मिलने लगेगी, ताकि बिजली यूनिट का साफ पता चल सके।

**हेमंत सरकार की सौगात :** योजना के मुताबिक हर महीने 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को सभी तरह के शुल्क खासकर एनर्जी चार्ज, फिक्स्ड चार्ज और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि से मुक्ति मिलेगी यानी बिजली के नाम पर एक भी पैसा खर्च नहीं होगा। रांची प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक पी के श्रीवास्तव के अनुसार मुख्यालय स्तर से इस संबंध में जारी निर्देश के अनुरूप उपभोक्ता को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से बिल जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। रांची में 5,36,564 घरेलू उपभोक्ता हैं। जिन



उपभोक्ताओं को बिजली बिल नहीं मिला है, उन्हें जल्द ही मिल जायेगा।

**फ्री बिजली पर 344.36 करोड़ खर्च :** विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, 200 यूनिट फ्री बिजली दिये जाने पर हर महीने राज्य सरकार ₹344.36 करोड़ खर्च करेगी। इस योजना से राज्य के 41 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलने की संभावना है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पहले से सरकार के द्वारा निर्धारित 400 यूनिट तक बिजली की खपत पर सब्सिडी का प्रावधान जारी रहेगा, जिसके तहत उपभोक्ताओं को 2.05 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दी जाती है। 200 यूनिट फ्री बिजली का लाभ सबसे ज्यादा ग्रामीण उपभोक्ताओं को मिलने की संभावना है।

### समाज में कलह पैदा करने वाली प्रवृतियों को खारिज करें : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत जैसे विशाल देश में ऊंच-नीच की धारणा के आधार पर कलह पैदा करने वाली प्रवृत्तियों को खारिज करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और देश में सामाजिक लोकतंत्र निरंतर मजबूत हो रहा है। राष्ट्रपति बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा, अपनी विविधताओं और बहुलताओं के साथ हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर और एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। समावेश के साधन के रूप में सकारात्मक कदमों को मजबूत किया जाना चाहिए। मैं दृढ़ता के साथ यह मानती हूं कि भारत जैसे विशाल देश में कथित सामाजिक स्तरों के आधार पर कलह को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियों को खारिज करना होगा।



# राजधानी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उप राजधानी में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे झंडोत्तोलन

## झंडोत्तोलन के लिए दिल्ली से दुमका पहुंचे राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में झारखंड की राजधानी रांची में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे। वहीं, उप राजधानी दुमका में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार झंडोत्तोलन करेंगे। राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में सीएम सुबह 9 बजे तिरंगे को सलामी देंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा देनेवाले अधिकारियों को सम्मानित करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों की झांकियों का अलकोलन करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। उधर दुमका में भी राज्यपाल संतोष गंगवार को परेड की सलामी लेंगे। राज्यपाल इसके लिए दिल्ली से सीधे दुमका पहुंच चुके हैं। झंडोत्तोलन के लिए राजधानी के मोरहाबादी मैदान को पूरी तरह से सजा दिया गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। तैयारियों का जायजा लेने बुधवार की देर शाम आईपीआरडी की डिप्टी डायरेक्टर शालिनी वर्मा भी मोरहोबादी पहुंची। उन्होंने न सिर्फ तैयारियों का जायजा लिया, बल्कि अधिकारियों को कई निर्देश भी दिये।





**देवघर एयरपोर्ट पर राज्यपाल का स्वागत :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के नई दिल्ली से देवघर पहुंचने पर देवघर एयरपोर्ट पर लोक सभा सांसद निशिकांत दुबे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्वागत किया तथा सशस्त्र सेना के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद राज्यपाल के झारखंड की उप राजधानी दुमका पहुंचे।

यहां पर संथाल परगना प्रमंडल व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी उनका स्वागत किया। झारखंड आने से पूर्व राज्यपाल संतोष गंगवार ने बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उप-राष्ट्रपति निवास, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

इसके बाद झारखंड को रवाना हो गये।

## मुख्य सचिव ने कैबिनेट से छह माह पहले स्वीकृत योजनाओं पर मांगी रिपोर्ट

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने झारखंड मंत्रिपरिषद द्वारा विगत छह माह में स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है। इन स्वीकृत योजनाओं की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति आदि तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से मुख्य सचिव कार्यालय को अवगत कराने को भी कहा है। सीएस ने इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही वैयक्तिक लाभ, जनोपयोगी एवं लोकहित से संबंधित योजनाओं की स्वीकृति संबंधी सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने को कहा है, ताकि इसकी स्वीकृति जल्द दिलायी जा सके। सीएस लगभ ग सभी योजनाओं को छह माह के अंदर पूर्ण करने का लक्ष्य भी रखने का निर्देश सभी विभागों को दिया है।

## कल से संस्कृत सप्ताह का आयोजन

**रांची।** संस्कृत विभाग, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, झारखण्ड संस्कृत अकादमी और संस्कृत भारती के संयुक्त तत्त्वावधान में 16 अगस्त से 22 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान उद्घाटन एवं सम्पूर्ति सत्र के अतिरिक्त शोभायात्रा, श्लोकपाठ प्रतियोगिता, संस्कृत भाषण प्रतियोगिता, संस्कृत निबन्ध प्रतियोगिता, एकल एवं सामूहिक नृत्य-गीत प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। सभी विजयी प्रतिभागियों को सम्पूर्ति सत्र के दौरान पुरस्कृत किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओं में किसी भी विषय और किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए संस्कृत विभाग, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची में सम्पर्क किया जा सकता है। झारखंड संस्कृत अकादमी का गठन संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए संस्कृतानुरागियों द्वारा किया गया है। संस्कृत विभाग, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, राँची के वरीय प्राध्यापक इस अकादमी के अध्यक्ष होंगे। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. धनंजय वासुदेव द्विवेदी अकादमी के महासचिव होंगे। अकादमी के उपाध्यक्ष डा श्रीमित्रा, डा जितेश पासवान, डा जगदम्बा प्रसाद एवं डा पारंगत खलखो होंगे।

## जेएसएससी में प्रतिनियुक्त कर्मचारियों को स्वतः विरमित का आदेश

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड सचिवालय सेवा के 10 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों की सेवा झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग में योगदान के लिए स्वतः विरमित करने का आदेश दिया है। इन पदाधिकारियों की सेवा 27 जून 2024 के ही तिथि से कर्मचारी चयन आयोग को भेजी गयी थी, लेकिन इनमें से सिर्फ तीन पदाधिकारी जितेंद्र मुर्मू, मनीषकांत और स्नेहाशीष डे को ही संबंधित विभागों ने विरमित किया, शेष सात पदाधिकारी को विभागों ने विरमित नहीं किया। सरकार ने इसे गंभीरता से लिया और निर्देशों का अनुपालन नहीं किए जाने के बाद इन पदाधिकारियों को स्वतः विरमित करने का आदेश जारी कर दिया है।

### दुमका के पंचायत सचिवालय में लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्तियां, राज्यपाल ने कहा

# हम सभी की जिम्मेदारी है कि आप सब की समस्याओं को समझें और उसका हल करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को पंचायत सचिवालय आसनसोल, दुमका में आयोजित परिसंपत्ति वितरण-सह-संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं लम्बे समय तक लोकसभा में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा था। अब मुझे राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री द्वारा झारखंड राज्य का राज्यपाल का दायित्व दिया गया है। मैं राज्य के विकास के लिए अपने दायित्वों के निर्वहन को पूर्णतः प्रतिबद्ध हूं। राज्यपाल ने उपस्थित




जनसमूह से कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि आप सभी की समस्याओं को समझें और उसका हल करें। उन्होंने कहा कि आप सभी महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय है। आप सभी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें, विभिन्न योजनाओं का लाभ उठायें और अपनी समस्याओं को उचित तरीके से रखने का कार्य करें। जन-प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को शिक्षित करने का आग्रह किया।

### समूह से जुड़ने के बाद आर्थिक उन्नयन हुआ

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की स्वीकृति पत्र, सावित्री बाई फुले योजना, बिरसा ग्राम हरित योजना, दीदी की दुकान, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, अबुआ आवास योजना (द्वितीय किस्त), साईकल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन के लाभुकों के मध्य परिसंपत्ति वितरण किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल से संवाद स्थापित करते हुए सखी मंडल की संगीता देवी ने कहा कि समूह से जुड़ने से पूर्व उनकी स्थिति बहुत खराब थी। समूह से जुड़ने के प॰ात उनका कुछ आर्थिक उन्नयन हुआ, वे जागरूक हुई और अन्य की भी मदद कर रही हैं। उनका प्रयास है कि अधिक से अधिक बहनों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर सकूं। वहीं मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुक सीताराम पुजहर, सावित्री बाई फूले योजना की लाभुक मधु प्रिया, आवास योजना की लाभुक उषा किरण कुमारी ने अपने अनुभव साझा किया। इसके प॰ात राज्यपाल ने दुमका जिलान्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र सह प्री नर्सरी स्कूल केन्द्र आसनसोल (डांगलपाड़ा) जाकर अवलोकन किया तथा बच्चों से मिले।

### सीएम से मिले सुब्रतो कप फुटबॉल की विजेता टीम के खिलाड़ी

# आप खिलाड़ियों पर गर्व है : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में 63वें अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता की चैंपियन टीम झारखंड की खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने झारखंड अंडर 17 बालिका वर्ग की विजेता टीम के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिये उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड अंडर 17 बालिका फुटबॉल टीम की खिलाड़ियों से कहा कि आपकी यह उपलब्धि समस्त झारखंडवासियों को गर्व का अनुभूति कराता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी खिलाड़ियों ने एक चैंपियन टीम के अनुरूप शानदार प्रदर्शन कर देश और दुनिया में झारखंड का नाम रोशन कर दिखाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित सभी बालिका खिलाड़ियों को मुंह मीठा कराकर उनका हौसला अफजाई की तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने बालिका खिलाड़ियों के प्रदर्शन एवं मेहनत की प्रशंसा की। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आप सभी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। आगे भी आप मेहनत इसी तरह जारी रखें और राज्य का नाम रोशन करते रहें। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने बालिका खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट बैग प्रदान किया।

इस अवसर पर स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल टीम की खिलाड़ियों में अमीषा उरांव, प्रतिभा भोक्ता, प्रियतम तिर्की, क्रांति उरांव, मैना कुमारी, चांदनी कुमारी, उर्वशी कुमारी, बबिता कुमारी, संजना उरांव, पुनीता कुमारी, ललिता कुमारी, संगीता कुमारी, पूजा कुमारी, एवलिन कुजूर, सोनामती होरो, पूनम कुमारी, टीम कोच सोमनाथ सिंह, सुशील वर्मा, टीम मैनेजर बिंदु कुजूर, मोटिवेशनल ट्रेनर अनुपम तिवारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## 2000 में नहीं माने पारा शिक्षक, मंत्री के साथ वार्ता असफल

**रांची।** राज्य के पारा शिक्षकों ने 2000 रुपये की मानदेय बढ़ोतरी को अस्वीकार कर दिया है। इसके साथ ही मंत्री बैजनाथ राम के साथ पर पारा शिक्षकों की तीन दौर की वार्ता चली, लेकिन असफल हो गई। बैठक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह, एसपीडी जेईपीसी आदित्य रंजन, जैक सचिव जयंत मिश्रा और जेईपीसी के प्रशासी पदाधिकारी एस तिग्गा, सीएमओ से आलोक कुमार, विधायक बिल्सन कोंगाड़ी और सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा सहायक अध्यापकों की ओर से से ह्रषिकेश पाठक, बेलाल अहमद, संजय दुबे, बिनोद बिहारी महतो, बिनोद तिवारी, विकास चौधरी, सिद्दिक शेख, निरंजन डे, मो शकील और समेत सभी 10 सदस्य उपस्थित थे।

बताते चलें कि राज्य के 62 हजार पारा शिक्षक यानी ( सहायक अध्यापक) वेतनमान की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। बीते दिनों सीएम आवास घेराव के दौरान मंत्री बैजनाथ राम ने राज्य के पारा शिक्षकों को आश्वासन दिया था कि उनके वेतनमान के मुद्दे पर बात होगी। अधिकारियों से बात कर उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा। वेतनमान को लेकर आ रही अड़चनों पर पारा शिक्षक मान गए परंतु मानदेय बढ़ाने के मुद्दे पर पारा शिक्षक अड़े हैं और सरकार से 5000 रुपये से नीचे बढ़ा मानदेय लेने को तैयार नहीं हैं।

## बारिश की फुहार के बीच डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने मनाया सावन मिलन समारोह

**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने बुधवार को आई एम ए हॉल में मनभावन सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। हरियाली और बारिश की फुहार के बीच सदस्यों ने भी हरे परिधान, मेहंदी,हरी चूड़ी, बिंदी का श्रृंगार कर कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं । सदस्यों का स्वागत अध्यक्ष श्रीला चौधरी ने किया। चेयरपर्सन विनीता शरण तथा फाउंडर एंड को-चेयरपर्सन झूमा सरकार ने सभी सदस्यों को सावन की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। सर्वप्रथम सदस्यों ने खड़े होकर एक मिनट का मौन रखकर कोलकाता के एक महिला डॉक्टर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। डॉक्टर्स वाइव्स इस तरह की दुखद घटना की भर्त्सना करता है। देवाधिदेव महादेव के सावन मास में चंदा ने शिव स्तुति किया। पारंपरिक गीत एवं नृत्य भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। सावन क्वीन के लिए रैंप वॉक पर सदस्यों का उत्साह देखते ही बनता था। धन्यवाद ज्ञापन दवा की सचिव अमृता वैद्या द्वारा दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेखा मिश्रा ,मंजू खेतान, शोभा कुमार, नीता सहाय, कमलेश मिद्धा, मोनीदीपा दास गुप्ता,पल्लवी शरण,नीलम शेखर, अंजू कुमारी सिंह ने अहम योगदान राह। इस मौके पर सीमा माहेश्वरी, निर्मला रमण, माधुरी,रश्मि अग्रवाल, केका सतपती शामिल थी।


## पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीन कॉर्नर वार्षिक बिक्री सह प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

**रांची।** कांके रोड स्थित एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट में स्वंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीन कॉर्नर वार्षिक बिक्री सह प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। पर्यावरण प्रेमी जुली अग्रवाल ने अपने पर्यावण प्रेम के प्रति ग्रीन कॉर्नर के माध्यम से लोगो को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर यह प्रदर्शनी लगाई है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में एक ही छत के नीचे कई घर और ऑफिस को सजाने संवारने के लिए इंडोर और आउटडोर पोधे उपलब्ध है। घर में कार्पेट, क्लीनर, पेंट, इंक काफी चीजे होती है जो घर की हवा में पॉल्यूशन पैदा करती है। घर में लगे पौधे इन पॉल्यूशन पैदा करने वाली चीजों के असर को कम करता है और घर की हवा को शुद्ध करता है। साथ ही साथ यह रात में सोते समय अपना अधिकांश काम करता है, हवा से कार्बन डाइऑक्साइड निकालता है और ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाता है जिसके परिणामस्वरूप बेहतर नींद आती है। इस प्रदर्शनी में अंथरियम, एग्लोनीमा, बोंजाई, जेन गार्डन एव ऑर्नै। मेंटल प्लांट्स के कई वेराइटी यहां देखने को मिलेगा। पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए इंडोर प्लांट और आउटडोर प्लांट्स भी लोगों को इस प्रदर्शनी में लोगो को अपनी ओर खींच रहा है।

# चार दिनों तक भारी बारिश की संभावना, साइक्लोन का रहेगा असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूरे राज्य में मानसून सक्रिय है। बुधवार को रांची समेत कई जिलों में मध्यम तथा हल्की बारिश दर्ज हुई। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर झारखंड में दिख रहा है। जहां बीते मंगलवार से राज्य में बारिश हो रही है। वहीं, 18 अगस्त तक राज्य के कुछ हिस्से में मध्यम से भारी बारिश की जानकारी दी गयी है। इसमें दक्षिण, मध्य और उत्तर पूर्वी हिस्से भारी बारिश की संभावना है। इसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी के अलावे दक्षिणी हिस्से पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और



सरायकेला खरसावां, उत्तर पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, 15 और 16 अगस्त को राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्य हिस्से में कहीं कहीं भारी बारिश की जानकारी दी गयी है। राज्य में अधिकांश जगहों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर पूरे राज्य में देखने को मिल रहा है। आने वाले तीन-चार दिन तक अच्छी बारिश प्रत्येक जिले में होने की संभावना है। साइक्लोनिक वर्षा होगी इसलिए वज्रपात भी हो सकती है, लोगों को थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

**राज्य में सामान्य से 14% कम हुई है मानसूनी वर्षा :** झारखंड में अब तक हुई वषार्पात के अनुसार राज्य सामान्य मानसूनी बारिश वाले राज्य की श्रेणी में आ चुका है। राज्य में अब तक सामान्य वषार्पात 650.2 मिमी की जगह 556.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जो सामान्य से 14% कम है। बोकारो जिले में सामान्य से 2%,धनबाद में सामान्य से 20% , गढ़वा में सामान्य से 14% और पलामू में सामान्य से 18% अधिक वर्षा हुई है, जबकि 09 जिले ऐसे हैं जहां सामान्य से कम वर्षा रिकॉर्ड किया गया है।

**यहां हुई कम बारिश :** चतरा में सामान्य से 47% कम वर्षा हुई है। पाकुड़ में सामान्य से 53% कम बारिश हुई है। देवघर में सामान्य से 36% कम वर्षा हुई है। वहीं पूर्वी सिंहभूम में सामान्य से 26%, गुमला में सामान्य से 23%,जामताड़ा में सामान्य से 26%, कोडरमा में सामान्य से 22%, लोहरदगा में सामान्य से 36% और पश्चिम बंगाल में सामान्य से 33% कम वर्षा हुई है।

## खबर एक नजर में

### स्पीकर विधानसभा में करेंगे झंडोत्तोलन

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो गुरूवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा में झंडोत्तोलन करेंगे। श्री महतो सुबह साढ़े नौ बजे तिरंगा फहरायेंगे। विधानसभा के प्रभारी सचिव जावेद हैदर के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### लक्ष्मीकांत, शिवराज एवं हिमंता कल रांची में

**रांची।** भाजपा अब पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुकी है। इसी कड़ी में पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंत विश्व शरमा 16 अगस्त को रांची पधार रहे हैं। इस दिन हरमू रोड स्थित कार्निवाल बैंक्विट हॉल में पार्टी के मंडल अध्यक्षों संग तीनों नेता बैठक कर चुनावी जीत का मंत्र देंगे। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह पार्टी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। चुनाव की तैयारी की दृष्टि से इस बैठक को खासा महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### टेरर फंडिंग के आरोपी टीपीसी कमांडर भीखन गंझू को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में में आरोपी टीपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू उर्फ दीपक कुमार की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने भीखन गंझू की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। बता दें कि एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने पूर्व में भीखन गंझू की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। एनआईए से जुड़े एक मामले में वह 25 मार्च 2022 से जेल में है। मामले में एनआईए की ओर से बताया गया कि प्रार्थी ने कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों से धन इकळा करने में सहायता करने के इरादे से सह-अभियुक्तों के साथ लेवी वसूली से उसका कोई नाता नहीं है। बता दें कि मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में डे-टू-डे चल रही है। एनआईए की ओर से करीब 114 गवाहों को प्रस्तुत किया जा गया है।

### निकेश कुमार सिन्हा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल बने

**रांची।** राज्य के न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया गया है। झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मो शकीर को चाईबासा का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (प्रशासन) निकेश कुमार सिन्हा हाईकोर्ट के नए रजिस्ट्रार जनरल बनाए गए हैं। असिस्टेंट रजिस्ट्रार प्रशांस कुमार गुप्ता को एडिशनल सिविल जज रांची, ज्वाइंट रजिस्ट्रार न्यायिक संजय सिंह नंबर 2 को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नगरउंटारी, फहीम किरमानी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश बेरमो तबादला किया गया है। चाईबासा के प्रधान जिला जज को एक्टिंग चीफ जस्टिस का ओएसडी, जमशेदपुर पोक्सो कोर्ट के विशेष जज कंवलजीत चोपड़ा को हाईकोर्ट में ज्वाइंट रजिस्ट्रार बनाया गया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### अर्जुन मुंडा, बाबूलाल और संजय सेठ के खिलाफ धुर्वा थाना में दर्ज एफआइआर रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ और धनबाद सांसद ढुल्लू महतो समेत दो दर्जन से ज्यादा भाजपा नेताओं को को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बुधवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने 28 प्रार्थियों के खिलाफ प्राथमिकी को रद्द कर दिया है। दरअसल पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है, जिसका कांड संख्या 107/2023 है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई। बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालुका ने बहस की।

### दुष्कर्म के दोषी संदीप पोद्दार को दस वर्ष कैद

**रांची।** आठवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार हरमू हाउसिंग कॉलोनी निवासी संदीप कुमार पोद्दार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को 10 साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं जमा करने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में 7 अगस्त को दोषी ठहराया था। घटना को लेकर पीड़िता के भाई ने अरगोड़ा थाना में 14 फरवरी 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़िता पटेल चौक स्थित दुकान में दोपहर 12.30 बजे लंच पहुंचाने गई थी। लेकिन, वापस घर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया। प्राथमिकी के बाद अभियुक्त को अरगोड़ा पुलिस ने 17 फरवरी 2020 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में अभियोजन की ओर से पीड़िता समेत 11 गवाहों को अदालत के समक्ष गवाही दर्ज कराई गई थी। वहीं, बचाव पक्ष ने दो गवाहों को प्रस्तुत किया था।

### राहुल गांधी से जुड़े मामले में आंशिक सुनवाई

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मानहानि से जुड़े मुकदमे में कोर्ट में पेशी से व्यक्तिगत छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बुधवार को याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख सूचीबद्ध की गई है। मानहानि का यह मुकदमा अमित शाह पर गंभीर टिप्पणी करने से जुड़ा है। मामले में राहुल गांधी को कोर्ट में उपस्थिति के लिये समन जारी है। मामले में अब दाखिल याचिका पर कोर्ट के आदेश के बाद आगे की सुनवाई हो सकेगी। इससे पूर्व बुधवार को एमपीध्एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत मानहानि के मुकदमे में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 28 अगस्त निर्धारित की है। मालूम हो कि राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। अदालत ने पिछले दिनों समन के साथ दस्ती समन भी जारी किया था। लेकिन समन की तामील सर्विस रिपोर्ट कोर्ट को प्राप्त नहीं होने के कारण सुनवाई लंबित है। दरअसल 2018 में कांग्रेस अधिवेशन में राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसको लेकर रांची में नवीन झा की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी।

## आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह बने लोहरदगा विस चुनाव प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह को लोहरदगा विधानसभा चुनाव प्रभारी मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जितेंद्र जी के अनुभव और प्रगतिशील नेतृत्व में लोहरदगा में आवश्यक राजनीतिक परिवर्तन को नई धार और दिशा मिलेगी। वहीं जितेंद्र सिंह ने कहा कि सुदेश महतो ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसे पूरी निष्ठा के साथ निवर्हन करूंगा। लोहरदगा में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करना,



कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करना और जनता के सुख दुःख में साथ रहना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

जितेंद्र सिंह को आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति, रांची जिला समिति, रांची महानगर समिति, आजसू बुद्धिजीवी मंच, युवा आजसू, आजसू छात्र संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

# आजादी अधूरी है!

आज आजादी दिवस है। देश में हर ओर आजादी की संगीत-गीत और कार्यक्रमों की गूंज है। दिल्ली सहित पूरे देश के राजधानियों में इस अवसर पर सरकारी और गैर सरकारी कार्यक्रमों की धूम है। लेकिन आजादी के नारों के शोर के बीच कुछ सवाल अब भी सड़क से संसद तक पूछ रही है कि क्या आजादी पूरी है। क्या देश में शिक्षा के सवाल पर गहरे प्रश्न का उत्तर आवाम को मिल गया है। सभी को एक समान स्तरीय शिक्षा मिल रही है। स्वास्थ्य का प्रश्न तो और भी भयानक चित्कार कर रहा है जहां मलेरिया और फाइलेरिया सहित संक्रामक रोगों से लाखों मौत हो रही है। जन्म देती माताओं का स्वास्थ्य सुविधा की कमी से प्राण त्याग देना मां भारती को कैसे सहन करती होगी। आज परिवहन के साधन चाहे वे रेल हो या सड़क लगातार इतने महंगे होते जा रहें हैं कि आम लोगों के लिये यात्रा बुरे स्वप्न की तरह है। युवाओं के सपने प्रश्न पत्रों के लीक होने और संस्थानों की कमी विशेषकर मेडिकल कॉलेज के कमी के कारण ध्वस्त हो रहें हैं। सरकारी तंत्र अपने भ्रष्ट भाव के साथ शांत और मंथर गति से चल रहा है जिसका साथ विधायिका लगातार दे रही है। न तो किसानों की समस्या और न हीं भूमि सुधार को लेकर गंभीरता है, न ही लघु उद्योग को लेकर कोई उत्साह। इस आजादी पर किसका गुणगाण किसका महिमा मंडन हो जो व्यवस्था गिग इकोनॉमी जैसे खतरनाक और असंवेदनशील स्थितियों को उभार रही है। समस्याओं के बीच कुछ सफलताओं पर ताली और गाल बजाते नेताओं, अधिकारियों,दलालो की टीम और इनके उपर अंकुश लगाने की जबावदेही में असफल हमारी न्यायिक व्यवस्था के बीच आजादी के मायने पूछते उन छोटे बच्चों की झंडे बेचते सोशल मीडिया पर भरी तस्वीर क्या कह रहें हैं। आजादी पूरी है? आजादी के उदेश्य पूरे हैं।

# सार्थक हो प्रयास

निस्संदेह, जैव ईंधन उत्पादन के ऐसे प्रयास सारे देश में किये जाने चाहिए क्योंकि भारत के तमाम शहर प्रदूषण की दृष्टि से संकटपूर्ण स्थिति से गुजर रहे हैं। लेकिन सरकार के ये प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक किसानों की सक्रिय भागीदारी इस मुहिम में नहीं होती। किसानों को समझाया जाना चाहिए कि फसलों के अवशेष जलाने से जो प्रदूषण पैदा होता है उससे उनकी धरती, परिवार व समाज का अहित होता है। किसानों की सेहत पर भी इसका प्रतिकूल असर होता है। इस मुहिम में किसान की भागीदारी अनिवार्य शर्त है। जहां वे इससे अपनी अतिरिक्त आय जुटा सकते हैं, वहीं अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर दे सकते हैं। किसानों को बढ़ती महंगाई में राहत देने के लिये खाद, उपकरणों तथा बीजों की कीमत में कुछ छूट देने का प्रयास करना चाहिए। इसका अभिप्राय यह बिल्कुल नहीं है कि इस अभियान को मुफ्त की राजनीति का हिस्सा बनाया जाये। लेकिन जब कर्मचारियों को महंगाई बढ़ने पर भत्ता दिया जा सकता है तो अपरोक्ष रूप से किसान को भी राहत देने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर खेतों से एथनॉल प्लांट तक फसलों के अवशेष ले जाने वाले श्रमिकों, वाहन चालकों तथा प्लांट में काम करने वाले श्रमिकों को भी इससे रोजगार मिलता है। रोजगार की एक नई श्रृंखला पैदा होती है। देश के अन्य राज्यों को भी इस पहल का स्वागत करते हुए अपने यहां ऐसे ही एथनॉल प्लांट लगाने चाहिए। क्योंकि हर वर्ष लाखों लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत के मुंह में चले जाते हैं। जो बच जाते हैं उनका जीवन यापन कठिन हो जाता है। पर्यावरण संरक्षण की पहल को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप देने की जरूरत ॒ है। पर्यावरण के स्वास्थ्य पर ही हमारा स्वास्थ्य निर्भर करता है। खासकर ग्लोबल वार्मिंग के संकट के प्रभाव जब दस्तक देने लगे हैं।

# वास्तविकता

**धर्म-प्रवाह**

**जग्गी बासुदेव**

**जब** आप ब्रह्मांडीय जीवन जीने लगते हैं, तो जीवन अलग हो जाता है। क्या ये सुन्दर होता है ? नहीं ! क्या ये गन्दा होता है ? नहीं ! तो फिर ये कैसा है ? जीवन की तरह, जैसे इसे होना चाहिये, इस तरह या उस तरह नहीं। हर चीज वैसी ही है, जैसी उसे होना चाहिये। यह बस आप का मन है, जो हर चीज को तोड़-मरोड़ कर दिखाता है। जब आप तोड़ना-मरोड़ना बंद कर देते हैं, और हर चीज को वैसी ही देखते हैं जैसी वह है, तो आप जीवन का विस्फोट देखेंगे। यदि आप यहाँ एक करोड़ वर्ष भी रहें, तो भी ये आपको इसे समझने में जबरदस्त रूप से व्यस्त रखेगा।अब तो आधुनिक भौतिक विज्ञानी भी कह रहे हैं कि ये ब्रह्माण्ड हमेशा बढ़ता रहता है। मूल रूप से वे कह रहे हैं कि किसी भी बात के बारे में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। जो भौतिक विज्ञान पढ़ रहे हैं, उनका यह कहना एक आश्चर्यजनक बात है। लेकिन अब वे समझ रहे हैं कि जिस तरीके से वे सभी चीजों को देख रहे हैं, उसमें कोई गलती है।

तो, 'यही सब कुछ है' जैसा कुछ भी नहीं होता। यह तल्लीन हो जाने की एक अंतहीन प्रक्रिया है। मान लीजिये कि एक ऐसी स्थिति हो जब आप कहें, 'यही सब कुछ है', तो फिर उसके बाद आप क्या करेंगे? आप को समझना चाहिये, अगर आप वास्तविकता नाम की जगह पर आ जाते हैं तो 'यही सब कुछ है' जैसी कोई बात नहीं रह जाती। निष्कर्ष बस आप के मन में निकलते हैं, अस्तित्व में कभी नहीं। निष्कर्ष निकालना मन का स्वभाव है।

**कॉर्टून वर्ल्ड**




**लेटर टू एडिटर**

## लैंगिक असमानता

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

–सुमित, जमशेदपुर


## विरोध क्यों?

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।

– आदित्य, हजारीबाग

# आजादी का उत्सव और देश की खुशहाली का सवाल





**-मुरलीधर**

> 1960 के दशक में जापान से आये प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालिन पीएम नेहरू से कहा था कि आप देश के विकास के लिये यूरोपीय मॉडल जो औदयोगिकीकरण पर आश्रित था उसे छोड़कर खेती और पर्यटन पर विशेष ध्यान दें। लेकिन नेहरू को यूरोपीय मॉडल पसंद था। उसके बाद औद्यागिकीकरण की तेज रफ्तार से शहरीकरण का विकास हुआ। आजादी के समय देश में 90 प्रतिशत आबादी गांव में रहकर खेती पर निर्भर थी।

यह कहानी है एक पंडित जी की। अकबर जब उनसे पूछते कि राज का हाल क्या है? तब वे कहते पूरी खुशहाली है महाराज, देश में दूध-दही की नदी बह रही है। पंडित जी की बात बीरबल को बुरी लगती क्योंकि राज्य में अकाल पड़ा था बदहाली थी। बीरबल ने रात में पंडित जी की गाय खुलवा ली। अगले दिन पंडित जी दरबार में आये। जैसे अकबर आये बिना पूछे पंडित जी ने चित्कार आंरभ किया, महाराज पूरे राज में अकाल है, हाहाकार है, लोग दूध दही के कतरा के लिये तरस रहें हैं। राजा को सब पता था वे मुस्कुराये।

देश की हालत भी पंडित जी की तरह है। जो महंगाई से प्रभावित है वे कहीं भी विरोध में नहीं है। महंगाई सत्ता पाने का साधन मुद्दा बन गया है। कांग्रेस सहित विपक्ष महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाकर संसद से सड़क तक प्रदर्शन कर एक मुद्दा खड़ा कर रही है जो विपक्ष का दायित्व भी है लेकिन इस मुद्दें पर संसद की आवश्यक कार्यवाही रोक दी गयी यह कैसी रणनीति है।

लेकिन सवाल यह है कि संसद भवन तृण मूल कांग्रेस की महिला सांसद द्वारा कच्चे बगैन खाकर प्रदर्शन करने के लिये है या सरकार द्वारा बहस और देश हित में कानून बनाने के लिये यह विषय अब तर्क की सीमा से बाहर हो चुका है। अन्ततः महंगाई और बेरोजगारी पर वर्तमान केन्द्र सरकार को हटा दिया जाना चाहिए यह बात जनता को समझा ने के तमाम उपक्रम किये जा रहे हैं। लोकतंत्र के लिये यही सही भी है क्योंकि आज भी महंगाई से प्रभावित परिवार महंगाई की बहस को लेस मात्र समझ नहीं पाता है। वह अपनी हर दिन की दुश्वारियों और घर चलाने की कठिनाई में विस्थापन, कुपोषण, स्वास्थ्य सहित अनेक समस्याओं से जूझता है। आजादी के बाद देश में जितनी भी सरकारें बनी उन सब ने देश के विकास में योगदान किया। लेकिन जिन लोगों की चर्चा आजाद भारत में सबसे अधिक होती है उनमें नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी बाजपेयी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

1960 के दशक में जापान से आये प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालिन पीएम नेहरू से कहा था कि आप देश के विकास के लिये यूरोपीय मॉडल जो औदयोगिकीकरण पर आश्रित था उसे छोड़कर खेती और पर्यटन पर विशेष ध्यान दें। लेकिन नेहरू को यूरोपीय मॉडल पसंद था। उसके बाद औद्यागिकीकरण की तेज रफ्तार से शहरीकरण का विकास हुआ। आजादी के समय देश में 90 प्रतिशत आबादी गांव में रहकर खेती पर निर्भर थी इसके बाद भी 1967-68 में पड़ें आकाल में हमें गेंहू बाजरा अमेरिका से आयात करना पड़ा। चीन और पाकिस्तान से युद्ध के कारण प्रभावित अर्थव्यवस्था पर यह मार भारी पड़ी। इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री के रुप में प्रभावी थी और उन्होंने नेहरू के सपने को ही आगे बढ़ाया। देश में जबकि मिश्रित अर्थव्यवस्था भी लेकिन निजी और विदेशी कंपनियों और निवेशकों के लिये भारत में कोई विशेष स्थान नहीं था। कुल मिलाकर बड़ी आबादी गांव में रहकर खेती पर निर्भर थी जहां सिचाई के क्षेत्र में पंजाब हरियाणा को छोड़ शेष राज्यों में कोई व्यापक कार्य नहीं हो सका।

सरकारें महंगाई और गरीबी के मुद्दें पर ही चुनाव जीतती रही। 30 साल के कांग्रेस के लगातार शासन के बाद 1977 में जनता पार्टी उन्हीं मुद्दों पर आई जिस प्रकार के मुद्दें आज का विपक्ष उठा रहा है। कोकोकोला कंपनी को देश से भगा दिया गया था। 1980 में फिर कांग्रेस आई और हार का दर्द ऐसा कि आर्थिक मोर्चे पर कमजोर होते देश से ज्यादा चुनाव जीतने वाली राजनीति की। दुर्भाग्य से राजीव गांधी इंदिरा गांधीकी हत्या से उपजे सहानुभूति के बाद देश में कीर्तिमान जीत हासिल की लेकिन देश के विकास में आइटी क्षेत्र की चर्चा के अतिरिक्त कुछ खास न कर सके। फिर देश में आरक्षण का हंगामा जिससे देश की छवि को नुकसान पहुंचा झेलना पड़ा। देश गरीबी की चुंगल में फंस चुका था। 1990-91 में दिवालिया होने के बाद फिर कांग्रेस आई जिसकी कमान एक विद्वान दक्षिण भारतीय पीएम नरसिंम्हा राव के हाथ में मिली और वित्त मंत्री रिजर्व बैंक के गर्वनर रहे मनमोहन सिंह को मिली।

देश में उदारीकरण लागू हुआ। देशी-विदेशी कंपनियों के लिये नियम कानून ढीले किये गये। इसके बाद संयोग से पहली बार दक्षिण पंथी भाजपा की सरकार बनी जिसने इस पॉलिसी को तेजी से आगे बढ़ाया। अटल बिहारी बाजपेयी एक ईमानदार नेता साबित हुए। इसके बाद दस साल तक फिर कांग्रेस आई मनमोहन सिंह पीएम बने लेकिन वे पीएम के तौर पर प्रभावी नहीं हो सके। 2014 में फिर से भाजपा सरकार में आई और निजीकरण को तेज किया है।

लेकिन आजादी के बाद महंगाई और 1980 के बाद बेरोजगारी सही में बड़ी समस्या है या लोकतंत्र में पंडित जी की गाय।

आज भी 15 करोड़ परिवार गांव में किसान-मजदूर और भूमिहीन है जिनकी 75 करोड़ के आसपास है। इनमें 87 प्रतिशत के बाद दो एकड़ से कम जमीन है। इनके गरीबी का कारण है कृषि उत्पाद जैसे गेंहू, चावल, दलहन, तेलहन सहित अनाज का लागत मूल्य से कम पर बिकना। हमारे सहयोगी धीरज बताते हैं कि हम शहर में आ गये लेकिन गांव में जो भी जमीन है उस पर खेती करना नहीं छोड़ा। इस बार 1950 रुपये क्विंटल के रिकार्ड दर पर गेंहू सरकार ने खरीदा और बाजार में 30 रुपये का दर तक गया। आर्थिक बहस पर कुर्तकों के सहारे हम नरेटिव क्रियेट करते हैं। सरकार हो या किसान किसी उत्पाद को उसके लागत से कम मूल्य पर कैसे बेचा जाए? नीति आयोग की बैठक में वर्तमान पीएम मोदी कहते हैं कि हमें कृषि और पर्यटन पर ध्यान देना चाहिए तो निश्चित हमें इस दिशा में काम करना चाहिए। कम आय वालों की आय अधिक कैसे हो। 1960 में जापान से आये प्रतिनिधि मंडल ने यही सुझाव दिया था। अधिक राजनीति का वक्त अब समाप्त हो चुका है। कांग्रेस और भाजपा सहित जनता पार्टी ने अब तक देश चलाया है। आजादी के अवसर पर हम 60 करोड़ किसान और उनके परिवार को हम ठग कर देश को तीसरी अर्थव्यवस्था नहीं बना सकते हां तीसरी अर्थव्यवस्था का तगमा हमारे राष्ट्र के नेताओं को तगमा जरूर हो सकता है।

**खास बात**

## तब 25 पैसे प्रति लीटर पेट्रोल बिकता था

**जीवीएस शास्त्री**

देश को आजाद हुए 75 साल बीत गए हैं. इस दौरान देश ने कई उतार-चढ़ाव देखे. भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में जबरदस्त तरक्की की. साथ ही एक नई आर्थिक ताकत बनकर भी उभरा. भारत आज सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है. जहां एक तरफ पूरी दुनिया मंदी के खतरे से सहमी हुई है वहीं, भारत को इससे इम्यून बताया जा रहा है.

हालांकि, इतने सालों में देश में महंगाई भी बढ़ी और कई वस्तुओं और सेवाओं के पुराने दाम आज एक सपने जैसे लगते हैं. 1947 और 2022 में कुछ वस्तुओं की कीमतों की तुलना की है. इसमें पुरानी कीमतों को देखकर आप दंग रह जाएंगे. आइए एक नजर तब और अब की कीमतों पर डालते हैं.

**कितनी बदली कीमतें**

1947 में एक किलो चावल 12 पैसे में मिलता जो आज करीब 40 रुपये प्रति किलो बिकता है. इसी तरह चीनी तब 40 पैसे प्रति किलो थी लेकिन आज 42 रुपये की एक किलो है. आलू 25 पैसे से 25 रुपये तक पहुंच गया है. दूध 12 पैसे से 60 रुपये किलो तक पहुंचा. पेट्रोल आज 97 रुपये लीटर है लेकिन 1947 में आपको एक लीटर पेटोल केवल 25 पैसे में मिल जाता. एक साइकिल की कीमत जहां आज 8,000 रुपये है वहीं 1947 में यह केवल 20 रुपये में मिलती थी। दिल्ली से मुंबई आप फ्लाइट में केवल 140 रुपये खर्च कर के जा सकते थे लेकिन अब आपको इसके लिए करीब 7,000 रुपये खर्च करने होते हैं. इसी तरह सोना जो महंगाई से लड़ने का हथियार है, 1947 में 88 रुपये का 10 ग्राम था. आज वही सोना 52,000 रुपये तक जा पहुंचा है।

भारत 15 अगस्त को अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इसी के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया है। इसके तहत सरकार हर घर तिरंगा तिरंगा कार्यक्रम चला रही है वहीं, इस बार पुलिस व अर्धसैनिक बलों को विशेष मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इसका मेडल का नाम इंडिपेंडेंस एनिवर्सरी मेडल है और इसकी घोषणा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की थी। आज उन दरों को सुनकर युवा चौंक सकते हैं।

कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुई रेप और मर्डर की वीभत्स घटना से पूरा देश स्तब्ध है। उसके साथ हुए क्रूर और अमानवीय कृत्य की परत दर परत जिस तरह खुल कर सामने आ रही है, उससे डॉक्टर्स कम्युनिटी और महिलाओं के बीच असुरक्षा का माहौल है।

**– राहुल गांधी, सांसद**

**रोचक ट्वीट**

सुब्रतो कप अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश को 4-1 के स्कोर से पराजित कर दिया। इस शानदार जीत के साथ, उन्होंने चैंपियनशिप का ताज अपने सिर पर सजा लिया है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





विभाजन स्मृति दिवस अवसर पर गिरिडीह के भाजपा (गिरिडीह) द्वारा आयोजित मौन जुलूस में शामिल हुई। इस जुलूस में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया श्रद्धापूर्वक नमन किया।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# देश में शोध को लेकर गंभीर विमर्श और व्यय करे सरकार



**प्रशांत झा**

संघीय सरकार ने उन तकनीकी परियोजनाओं पर पैसे लगाए, जिनमें 15 से 20 वर्षों के दौरान परिणाम निकलने की संभावना थी और यह इतनी लंबी अवधि होती है कि निजी कंपनियां उनमें शायद ही निवेश करने के लिए आगे आएं। जैसे सरकार ने उन्नत अनुसंधान परियोजना एजेंसी-ऊर्जा (एआरपीए-ई) की स्थापना की और विश्वविद्यालयों में ऊर्जा संबंधी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक कोष भी स्थापित किया है। दवा क्षेत्र में संघीय सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के माध्यम से 41.7 अरब डॉलर आरऐंडडी पर खर्च कर रही है। इसमें से अधिकांश विश्वविद्यालयों के अनुदान स्वरूप है, किंतु सरकार अपनी प्रयोगशालाओं को भी वित्तीय संसाधन उपलब्ध करा रही है, जिनमें 6,000 वैज्ञानिक कार्यरत हैं। ऐसा अनुमान है कि उपचार में काम आने वाले 75 फीसदी से अधिक नए मॉलिक्यूल्स (तत्त्व) सरकारी निवेश की मेहरबानी होंगे। दवाओं में शोध-विकास पर अधिकांश निजी निवेश दवाओं के मूल्य वर्धन पर ही केंद्रित होता है। कॉम्पैक से लेकर इन्टेल और ऐपल जैसी दिग्गज कंपनियां इसी संघीय दरियादिली से लाभान्वित हुई हैं। असल में वेंचर फंड तो बाद में ही आते हैं, क्योंकि वे व्यावसायिक रूप से सफल उपक्रमों में ही दांव लगाते हैं, जिनमें पांच से सात वर्षों के भीतर प्रतिफल मिलने लगे। यह निवेश

**शोध**

भी आईपीओ या विलय-अधिग्रहण के माध्यम से होता है। तकनीकी विकास की दृष्टि से देखें तो आज भारत उसी पड़ाव पर खड़ा है, जहां 1950 और 60 के दशक में अमेरिका था।

-तीन से पांच वर्षों के दौरान केंद्र सरकार को आरऐंडडी पर अपना खर्च जीडीपी के 0.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत तक तो करना ही चाहिए। इस राशि को केवल सरकारी शोध प्रयोगशालाओं तक ही सीमित न करके बुनियादी एवं अनुप्रयुक्त शोध के लिए व्यापक आधार तैयार करने पर भी खर्च किया जाना चाहिए। -केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागों का पुनर्गठन किया जाए। मिशन-आधारित उपक्रम बनाए जाएं, जो बाहरी शोध क्षमताओं के साथ भी जुड़ सकें। उन्हें ऐसे अधिकार मिलें कि नाकामी का डर उनके जोखिम उठाने के आड़े न आए। -डीआरडीओ और अंतरिक्ष आयोग जैसे मिशन-केंद्रित अनुसंधान संस्थानों का निजी क्षेत्र के साथ बेहतर जुड़ाव किया जाए। -जलवायु परिवर्तन और जैव-अर्थव्यवस्था जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के साथ ही नैनो टेक्नोलॉजी और एआई जैसे दीर्घकालिक अवसरों को भुनाने के लिए नए मिशन-केंद्रित कार्यक्रमों पर ध्यान लगाया जाए।

-विश्वविद्यालयों/आईआईटी को शोध अनुदान में भारी बढ़ोतरी कर उनकी शोध क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ अहम तकनीकी लक्ष्य निर्धारित करना होगा।-बड़ी कंपनियों के लिए एक सुगम सीमा निर्धारित करना कि वे अपने लाभ का एक हिस्सा आरऐंडडी पर व्यय करें।

-सरकारी और निजी क्षेत्र के आरऐंडडी खर्च में बेहतर कड़ी बनाना, विशेषकर उच्च-तकनीकी स्टार्टअप में ऐंजल निवेश के लिए प्रावधान करना।

चिप डिजाइन और फार्मा एंड-उत्पादों जैसे क्षेत्रों में पहले से ही भारत की वैश्विक मौजूदगी है। ऐसे में आरऐंडडी की ऐसी भव्य रणनीति, जो सरकार, निजी क्षेत्र और शोध संस्थानों के बीच सहजीविता-सुसंगति को बढ़ाने में मददगार बन सके तो उसके दम पर भारत एक या दो दशकों के भीतर एक वैश्विक तकनीकी दिग्गज बन सकता है।

# हिंडनबर्ग की भारत को आर्थिक रूप से कमजोर करने की चाल

**-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत के भविष्य को लेकर जिस तरह के सकारात्मक-सफल रुझान विश्व के बड़े-बड़े आर्थकि विश्लेषकों ने लगाए हैं और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की जो गति इस वक्त देश में चल रही है, उस सब को ध्वस्त करने का काम फिर एक बार विदेशी षड्यंत्र द्वारा भारत में शुरू होता दिख रहा है। अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च का अपनी नई रिपोर्ट के माध्यम से यह दूसरा इस प्रकार का बड़ा प्रयास है। इससे साफ है कि बढ़ते और विश्व की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने जा रहे भारत को कमजोर करने की योजना बहुत गहरी है। ऐसे में कम से कम भारत के विपक्ष से तो यह उम्मीद नहीं की जानी चाहिए कि वह देश को आर्थिक मोर्चे पर कमजोर करने का काम करेगा।

यहां विपक्ष की सोच यह है कि इससे मोदी सरकार कटघरे में खड़ी हो जाएगी, देश की जनता के सामने कमजोर नजर आएगी। हो सकता है उसका ये सोचना राजनीतिक स्तर पर उसके अपने फायदे के लिए सही कहलाए, किंतु हर बार राजनीतिक सोच सही हो, यह जरूरी नहीं है। इस नकारात्मक व्यवहार से दुनिया भर के निवेशकों में भारत के प्रति अविश्वास पैदा हो रहा है, उसका खामियाजा देश के आम जन भुगतते हैं। आखिर उसकी भरपाई कौन करेगा? आज कांग्रेस, सपा, आप समेत अन्य कई विपक्षी दल जो अर्थ के क्षेत्र में अस्थरिता की छवि भारत की बना देना चाह रहे हैं, उससे इन्हें लाभ तो क्या होगा, हां, इतना जरूर होता

**सामयिक**

दिखता है कि देश में नौकरियों में कमी आ रही है। निर्यात पर इसका बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है । अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने मार्केट रेगुलेटर सेबी की प्रमुख माधबी पुरी बुच पर अदाणी ग्रुप से मिलीभगत का आरोप लगाया है। भले ही फिर सेबी और अदाणी ग्रुप ने हिंडनबर्ग के सभी आरोपों से इनकार किया और यह सिद्ध करने के लिए कि हिंडनबर्ग ने जो बोला वह सही है, इसका कोई प्रमाण नहीं है। लेकिन इसके बाद भी झटका स्टॉक मार्केट में दिखा। अधिकतर वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बावजूद भी घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ खुले। अदाणी ग्रुप के सभी शेयरों में बिकवाली का दो कंपनियों को छोड़कर अन्य पर भारी दबाव देखने को मिल रहा है । कंज्यूमर ड्यूरेबल्स को छोड़ निफ्टी के सभी सेक्टर्स के इंडेक्स रेड पर देखे गए और एक ही दिन में हिंडनबर्ग के झटके से अधिकतर वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बावजूद घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में ओवरऑल बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 2.26 लाख करोड़ रुपये घट गया। यानी निवेशकों की दौलत मार्केट खुलते ही 2.26 लाख करोड़ रुपये डूब गई थी।

सोचने वाली बात है कि यदि राहुल गांधी, जोकि आज के समय में एक संवैधानिक पद पर हैं, नेता प्रतिपक्ष हैं, वे और अन्य विपक्षी नेता इतना अधिक नकारात्मक माहौल नहीं बनाते तो क्या इसका यही असर होता जो देखने को मिला? स?वभाविक है, ऐसा नहीं होता, न ही 2.26 लाख करोड़ रुपये निवेशकों के डूबे होते!

अब यह अलग बात है कि 12 अगस्त की शाम होते-होते मार्केट में भारत के शेयर बाजार के प्रति भरोसा वापिस आ गया और उसने हिंडनबर्ग रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया, जिसके चलते निफ्टी-सेंसेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार करते दिखे। बाजार ने सेबी की सलाह मानी। वस्तुतः भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी पहली टिप्पणी में ही साफ कर दिया था कि उसने अडाणी समूह के खिलाफ सभी आरोपों की विधिवत जांच की है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्वतंत्रता दिवस की समस्त मांडर विधानसभा क्षेत्र व देश वासियों को हार्दिक बधाई

सन्नी टोप्पो
भाजपा युवा नेता
मांडर विधान सभा क्षेत्र

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई।
सोनिया गांधी जिन्दाबाद ! राहुल गांधी जिन्दाबाद!
पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव जिन्दाबाद! पूर्व विधायक निर्मला देवी जिन्दाबाद! कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद!
अम्बा प्रसाद
विधायक, बड़कागांव विधानसभा
निवेदक : विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, विधायक प्रतिनिधि अमित साहु, राजकिशोर पांडेय व युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पतरातू प्रखंडवासियों को बहुत-बहुत बधाई
अंचल परिवार
पतरातू, (रामगढ़)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

महताब अंसारी
संयुक्त सचिव झारखण्ड मुक्ति मोर्चा युवा राँची जिला

78वां स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई
हारे के सहारे की जय
श्री श्याम मित्र मण्डल
अध्यक्ष सुरेश सरावगी
महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया
श्री श्याम मंदिर, हरमू रोड रांची, झारखंड

चेयरपर्सन कैम्ब्रिज ट्रस्ट ऑफ इन्डिया टाटी सिलवे रांची झारखंड की ओर से समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस के 78 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
जानकी देवी
कोर्स ऑफर डिप्लोमा इंजीनियर बीटेक एमटेक एमबीए बीएड डीईएलईडी सीबीएसई एफलिएटेड स्कूल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पतरातू प्रखंड के तमाम छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
धनुक धारी महतो
(डीडीएम), प्रधानाध्यापक
ज्ञान ज्योति केंद्र स्कूल चिकोर
निवेदक :- विद्यालय परिवार।

स्वतंत्रता दिवस की समस्त देश वासियों को हार्दिक बधाई
डॉ. पी.के. भगत
अधीक्षक
इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला

स्वरूफ खान
वरिष्ठ पत्रकार
अनगड़ा रांची

स्वतंत्रता दिवस की समस्त इटकी व देश वासियों को हार्दिक बधाई
किरण उरांव — प्रमुख, इटकी प्रखंड, सह नेत्री झारखंड यूवा मंच
मसूद आलम — पूर्व जिला पार्षद रांची सह केंद्रीय अध्यक्ष, झारखंड युवा मंच
परवेज राजा — उप प्रमुख इटकी प्रखंड सह नेता झारखंड यूवा मंच

स्वतंत्रता दिवस की समस्त मांडर विधानसभा क्षेत्र व देश वासियों को हार्दिक बधाई
शिल्पी नेहा तिर्की
विधायक मांडर विधानसभा क्षेत्र

स्वतंत्रता दिवस की समस्त इटकी व देश वासियों को हार्दिक बधाई
अभिषेक कुमार — थाना प्रभारी, इटकी
शशि नीलिमा डुंगडुंग — बीडीओ, इटकी प्रखंड
विजय कुमार — सीओ, इटकी प्रखंड
आरिफ रजा — को-ऑर्डिनेटर युवा कांग्रेस झारखंड
मुर्तजा आलम — आजसू जिला सचिव रांची
बिगा मिंज — मांडर विधानसभा प्रभारी, जदयू
जनमजेय गोप — समाजसेवी, बारीडीह, इटकी
निर्मला भेंगरा — मुखिया, इटकी पूर्वी पंचायत
रमेश महली — कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इटकी
वीर बहादुर दुबे — ग्लोबल गैस एजेंसी, इटकी
JE & AE — इटकी प्रखंड
राजकुमार तिर्की — भाजपा मंडल अध्यक्ष इटकी
अबुनशर सोनू — समाजसेवी, इटकी प्रखंड
रीना देवी — जिप सदस्य, इटकी, रांची
अजीत केसरी — समाज सेवी इटकी प्रखंड
मोहित गोप — सचिव, प्रखंड कांग्रेस कमिटी इटकी
गंगोत्री कुजूर — पूर्व विधायक मांडर विधानसभा क्षेत्र
जिब्राइल अंसारी — प्रधानाध्यापक, नेशनल हाई स्कूल इटकी
नौशाद अख्तर — पत्रकार, इटकी

स्वतंत्रता दिवस की समस्त रांची व देश वासियों को हार्दिक बधाई
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वामी देवेन्द्र प्रकाश — प्रदेश संयोजक, कार्यक्रम और बैठक विभाग झारखंड प्रदेश भाजपा
अनिल महतो टाइगर — सदस्य प्रदेश कार्यसमिति भाजपा सह पूर्व जिला परिषद सदस्य कांके रांची
सोमा उरांव — मुखिया बोडेया पंचायत सह अध्यक्ष मुखिया संघ कांके प्रखंड व अध्यक्ष झारखंड प्रदेश मुखिया संघ
जावेद अख्तर अंसारी — अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा कांके प्रखंड सह समाजसेवी कांके रांची
सुरेश कुमार बैठा — महासचिव झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी
हकीम अंसारी — कार्यकारी अध्यक्ष रांची जिला आजसू पार्टी सह पूर्व जिला परिषद सदस्य कांके रांची
मोजीबुल अंसारी — वरिष्ठ आजसू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य कांके रांची
डॉ.शंभू प्रसाद सिंह — निदेशक कांके जेनरल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर सह पूर्व अध्यक्ष आई.एम.ए.रांची
राजकुमार महतो — अध्यक्ष श्री श्री महावीर मंडल केंद्रीय पूजा समिति सुकुरहुटू कांके रांची
